# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) भदोही–221304

E-Mail Id-eeupjnsrn@gmail.com CUG Mobile No.- +91 9473942678


पत्रांक 4132 / कार्य-65 / 28 दिनांक– 30.07.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण,
6 राणा प्रताप मार्ग,
लखनऊ।

विषय :– **दैनिक भास्कर के न्यूज ई–पेपर में दिनांक 30.07.2026 में प्रकाशित '' नारेपार मे जल जीवन मिशन की टंकी तैयारः पाइप लाइन अधूरी ग्रामीणों को नहीं मिल रहा शुद्व पेयजल'' होने के सम्बन्ध में।**

**महोदय**

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर के न्यूज ई–पेपर में दिनांक 30.07.2026 में प्रकाशित '' नारेपार मे जल जीवन मिशन की टंकी तैयारः पाइप लाइन अधूरी ग्रामीणों को नहीं मिल रहा शुद्व पेयजल'' होने के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर विकास खण्ड – डीघ, स्थित नारेपार पाइप पेयजल योजना से सम्बन्धित नकारात्मक न्यूज प्रकाशित किया गया है।

प्रश्नगत योजना में 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग शिरोपरि जलाशय, 01 नग सोलर पैनल, 01 नग बाउण्ड्रीवाल, 32.78 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 777 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष नलकूप, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल, सोलर पैनल, शिरोपरि जलाशय एवं वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण करा लिये गये है। 777 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 690 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। सड़क चौडीकरण होने के कारण पूर्व में बिछायी गयी पाइप लाइन को लोक निर्माण विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त एवं बिजली विभाग द्वारा विद्युत पोल लगाते समय पाइप लाइन को कई स्थानों पर छिद्रण किये जाने के कारण से जलापूर्ति प्रभावित हुयी है। पाइप लाइन मरम्मत कराये जाने के उपरान्त ग्राम वासियों को पेयजल उपलब्ध करा दिया जायेगा। योजना के समस्त प्रस्तावित कार्यो को दिसम्बर 2026 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित है, तदानुसार कार्य प्रगति पर है। दिसम्बर 2026 तक योजना के समस्त कार्यो को पूर्ण कर योजना को क्रियाशील एवं जन उपयोगी कर दिया जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

भवदीय

**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0स0 व दिनांक यथोक्त।**

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. मुख्य अभियन्ता (वारा0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) वाराणसी।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उप्र0 जल निगम (ग्रामीण) मीरजापुर।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त का अनुपालन सुनिश्चित करें।
4. मेसर्स जी0ए0इन्फ्रा0 –बाबा, ज्ञानपुर, भदोही को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त कार्यो को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**अधिशासी अभियन्ता**